# 10 इन बोतलों में कितना समायेगा?

हम ने कक्षा-3 में पढ़ा है कि एक बोतल में एक लीटर पानी समाता है।

कितने ग्लास पानी एक लीटर की बोतल भर सकते हैं? ____________

नीचे दिये गए पात्रों में किसमें एक लीटर से अधिक तथा किसमें एक लीटर से कम पानी आयेगा? तालिका में लिखिए। आप इस सूची को बढ़ा भी सकते हैं।




| एक लीटर से अधिक | एक लीटर से कम |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

SCERT TELANGANA

**1.** अनुमान लगाइए कि इन पात्रों में कितना समायेगा?

| 1000 लीटर | 1 लीटर | 20 लीटर | आधा लीटर | आधे लीटर से कम |
|---|---|---|---|---|



डॉली एक दिन में कितना पानी उपयोग करती है?

डॉली स्नान के लिए एक बाल्टी पानी का उपयोग करती है और 8 ग्लास पानी पीती हैं तथा अन्य कार्यों के लिए 3 बाल्टी पानी का प्रयोग करती है। डॉली को प्रति दिन कितने लीटर पानी की आवश्यकता होती है?

(a) स्नान के लिए __________

(b) पीने के लिए__________

(c) अन्य कार्यों के लिए__________





(d) डॉली को एक दिन में कितने लीटर पानी की आवश्यकता होती है? __________

SCERT TELANGANA

## प्रयत्न कीजिए

1. अनुमान लगाइए कि आप एक दिन में कितने पानी का उपयोग करते हैं?



### एक लीटर से कम

एक चम्मच में कितना द्रव समाता है?

एक चम्मच में 3 मिल्ली मीटर द्रव समाता है।

कम मात्रा वाली चीज़ों के बारे में सोचिए जिनसे आप पानी पी सकते हैं।


_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

हम मिली लीटर को मि.ली. भी लिखते हैं।

### डॉक्टर के पास




झूले पर झूलते समय चित्रा का हाथ कट गया। उसके पिता जी ने उसे तुरंत टेटनस इंजेक्शन दिलवाने डॉक्टर के पास ले गए। उसने डॉक्टर को दवाई से भरा इंजेक्शन दिखाने को कहा।

इंजेक्शन में कितनी दवाई है?




डॉक्टर ने चित्रा को 5 मि.ली. दवाई हर बार लेने को कहा। उन्होंने उस ढक्कन पर 5 मि.ली. का निशान दिखाया।

CERT TELANGANA

## प्रयत्न कीजिए

1. निम्न में आप किन वस्तुओं को मिल्ली लीटर और किन वस्तुओं को लीटर कहते हैं?

| **वस्तु** | **मिल्ली लीटर/ लीटर** |
|---|---|
| दूध | |
| नारियल तेल | |
| शीतल पेय | |
| शाँपू | |
| दवाई टॉनिक | |

एक हज़ार मिली लीटर से एक लीटर बनता है।


वसुधा ने 1 लीटर पानी की खाली बोतल तथा 250 मिली नारियल तेल की खाली बोतल खरीदी।




उसने नारियल तेल की बोतल को पानी से भरा और पानी की बोतल में डाल दिया।



उसने फिर से नारियल तेल की बोतल को पानी से भरा और पानी की बोतल में डाल दिया।




उसने उसे दो बार और दोहराया और उसकी 1 लीटर की बोतल पूरी भर गई।



इस तरह, 250 मिली + 250 मिली + 250 मिली + 250 मिली = 1000 मिली

SCERT TELANGANA

## इस कीजिए

एक लीटर पानी बनाने के लिए निम्न को कितने बार लेंगे?

(a) 


__________

(b) 


__________

(c) 


__________

(d) 



__________


## अभ्यास

तीन अलग-अलग परिमाण की बोतलें लीजिए। अनुमान लागाइए कि इस प्रकार की कितनी बोतलें 1 लीटर भर सकती हैं। अब इन बोतलों से 1 लीटर बोतल में पानी भर कर देखिए कि आपका अनुमान कहाँ तक सही है।

| | आपका अनुमान | आपका मापन |
|---|---|---|
| बोतल 1 | | |
| बोतल 2 | | |
| बोतल 3 | | |

(a) यदि दो छोटी बोतलों से एक लीटर पानी की बोतल भरती है तो प्रत्येक छोटी बोतल में कितना पानी समाता है?





(b) यदि चार छोटी बोतलों से एक लीटर की बोतल भरती है तो प्रत्येक में कितना पानी समायेगा?

SCERT TELANGANA

## प्रयत्न कीजिए

1. रिक्त स्थान की पूर्ति कर इन्हें एक लीटर के समान कीजिए।

(a) 500 मि.ली. + __________ = 1 लीटर

(b) __________ + 750 मि.ली. = 1 लीटर

(c) 900 मि.ली. + __________ = 1 लीटर

(d) __________ x 500 मि.ली. = 1 लीटर

(e) __________ x 250 मि.ली. = 1 लीटर

## पानी बचाओ!



क्या आपके घर, विद्यालय या आस-पास ऐसा कोई नल है जो टपकता हो?

उसके नीचे एक लीटर की बोतल रखिए और पता लगाइये कि एक घंटे में कितना पानी भरेगा?

(a) यदि वह नल एक दिन लगातार टपकता रहेगा तो कितना पानी व्यर्थ जाएगा? __________

(b) यदि वह नल एक सप्ताह लगातार टपकता रहेगा तो कितना पानी व्यर्थ जाएगा? ____________

अर

## अभ्यास

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(a) 3 लीटर = _____________ मि.ली.

(b) 7 लीटर = _____________ मि.ली.

(c) 8500 मि.ली. = _____________ l _________ मि.ली.

(d) 5250 मि.ली. = _____________ l _________ मि.ली.

(e) 9750 मि.ली. = _____________ l _________ मि.ली.

SCERT TELANGANA

2. सभी बोतलों में मिलाकर कितना पानी है?






3. कल्पना की गाय हर दिन 15 लीटर दूध देती है।यदि कल्पना 8 लीटर 500 मि.ली. दूध घर पर उपयोग करती है तो वह बाज़ार में कितना बेच सकती है?

4. एक पानी की टंकी की क्षमता 500 लीटर है। विद्यालय में एक दिन में 375 लीटर पानी का उपयोग होता है तो अगले दिन के लिए कितना पानी शेष रहेगा? यदि अगले दिन पूरी टंकी की ज़रूरत हो तो टंकी में कितना पानी भरना पड़ेगा?

5. आनंद हरदिन 250 मि.ली. तथा अनीता 500 मि.ली.दूध पीते हैं। यदि वे हर दिन उतना ही दूध पीते हैं तो 4 दिन में वे कितना दूध पियेंगे? 7 दिन में कितना दूध पियेंगे?

6. आप हर दिन कितना पानी पीते हो? कितना दूध? कितनी चाय ? और कितना जूस ? यदि 4 गिलास द्रव एक लीटर के समान है तो आप एक दिन में कितना तरल लेते हो ? एक महीने में कितना तरल लेते हो?

7. स्वाती 2 लीटर जूस 200 मि.ली. के गिलास में डालती है तो उसे कितने गिलासों की आवश्यकता है?

8. करुणा की दो साल की बेटी बीमार है। डॉक्टर ने करुणा को 3 मि.ली. टॉनिक दवाई दिन में 3 बार देने को कहा। उन्होंने करुणा से इसे 7 दिन देने को कहा।

   (a) करुणा की बेटी 7 दिन में कितनी दवाई लेगी?

   (b) यदि दवाई की बोतल में 100 मि.ली. दवाई आती है तो 7 दिन बाद उस बोतल में कितनी दवाई शेष रहेगी?

9. एक दवाई की बोतल में 60 मि.ली. दवाई समाती है। ऐसी 15 बोतलों में कितनी दवाई समा सकती है?

SCERT TELANGANA

10. महेश चाय की दुकान चलाता है। वह प्रत्येक चाय के कप में 20 मि.ली. दूध का उपयोग करता है। यदि वह दिन में 50 कप बेचता है तो एक दिन में कितना दूध का उपयोग करता है?

11. एक दुकानदार उसके दुकानों में विभिन्न परिमाणों की तेल की बोतलें रखता है। एक दिन में वह 60 तेल की बोतलें बेचता है। जिसका विवरण निम्न है-

| हर दिन की बिक्री | हर बोतल की क्षमता |
|---|---|
| 20 बोतल | 200 मि.ली. |
| 30 बोतल | 500 मि.ली. |
| 10 बोतल | 100 मि.ली. |




एक दिन में दुकानदार कितना तेल बेचता है?

12. राजेन्द्र व रजनी उनके दो बच्चों के साथ आदिलाबाद में रहते हैं। निम्न तालिका में उनके परिवार द्वारा प्रतिदिन उपयोग किये गए पानी का विवरण है।

| उपयोग | लीटरों में |
|---|---|
| पकाने व पीने का पानी | 15 लीटर |
| बर्तन धोने के लिए | 20 लीटर |
| कपड़े धोने के लिए | 40 लीटर |
| स्नान के लिए | 60 लीटर |

एक दिन में वह परिवार कितने पानी का उपयोग करता है?

13. अपने परिवार के एक दिन के पानी के उपयोग का अनुमान लगाकर तालिका में दर्ज कीजिए-

| उपयोग | लीटरों में |
|---|---|
| पकाने व पीने का पानी | |
| बर्तन धोने के लिए | |
| कपड़े धोने के लिए | |
| स्नान के लिए | |

SCERT TELANGANA